UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार




दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-196 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) सोमवार 29 जून 2026 youngbharatE-paper.com

## अखिलेश को सीएम योगी की चुनौती, राम मंदिर की तर्ज पर कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन चलाओ




( यंग भारत न्यूज )

**हाथरसः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हाथरस के सलेमुर औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे हैं। अपने इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री 548 करोड़ रुपये की लागत वाली 143 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम स्थल पर उन्होंने स्थानीय उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण भी किया और वे कुछ सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरित किया। साथ ही सीएम योगी ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

हाथरस में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं कल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का एक बयान पढ़ रहा था। वह कह रहे थे कि उनकी सरकार आएगी तो अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाएगी। अरे आप क्या धार्मिक नगरी बनाएंगे, आपने तो अपना इतिहास देखिए



राम भक्तों पर गोली आप ही के लोगों ने चलाई थी, आप ही की सरकार ने चलाई थी। आज जब राम भक्तों के परिश्रम और पुरुषार्थ से प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में अयोध्या अब त्रेता युग का स्मरण करा रही है, तो आपके मुंह में भी पानी आने लग गया है। सीएम योगी ने कहा कि भूल जाओ, आपने तो थानों में और जेलों में कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन को भी रोक दिया था। कावड़ यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था। आज जब हमारे जनप्रतिनिधि कह रहे थे कि हाथरस में 22 से ज्यादा मंदिरों का सुंदरीकरण हुआ, क्या ये समाजवादी पार्टी के समय में संभव था? उनके समय में नहीं था, क्योंकि उस समय ये पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवॉल के लिए जाता था और वही तो हमने मंदिरों की तरफ डायवर्ट किया है। वहीं, पैसा हमने इधर भेजा है कि कब्रिस्तान की आवश्यकता नहीं, मंदिर आस्था के केंद्र हैं। अखिलेश जी, अयोध्या को तो राम भक्तों ने सजा और संवार दिया है, आप उसकी चिंता मत करिए, पश्चाताप करिए, एक बार रामलला का दर्शन कर लीजिए, कम से कम इसी से और सद्बुद्धि आएगी और अब तैयारी करिए कि हम कृष्ण कन्हैया के लिए भी कुछ कर सकें। अब मथुरा की बात करिए। अगर सचमुच अपने को धार्मिक कहलाने का प्रयास कर रहे हो, तो मथुरा वृंदावन पर खुल करके बोल दीजिए। श्री कृष्ण जन्मभूमि पर खुल करके बोल दीजिए और बोलिए न कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति के आंदोलन की तर्ज पर ही श्री कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का भी अभियान चलना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि को भी सम्मान मिलना चाहिए। हमारी सरकार वहां श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधा उपलब्ध करवाने का कार्य कर रही है। युद्ध स्तर पर हम प्रयास कर रहे हैं, लेकिन आप में हिम्मत नहीं, क्योंकि आप तो मुल्ला और मौलवियों के सामने घुटने टेकने के सिवाय आपके पास कोई ऐसा एजेंडा नहीं, जो प्रदेश के विकास के लिए हो, अयोध्या, मथुरा या काशी के उत्थान के लिए हो, उनकी पहचान को पौराणिक पहचान को बनाए रखने के लिए हो। ये धूल झोंकने का काम मत करो, ये खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ मत करो। अयोध्या अपनी पहचान के लिए आप पर मोहताज नहीं है, अयोध्या की अपनी पहचान है और अयोध्या ने अपनी पहचान को दुनिया के अंदर फिर से बनाया हुआ है।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी-8 आरोपियों के घर पुलिस की एक साथ छापेमारी




**अयोध्या(ए.)।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जेल में बंद 8 आरोपियों के घर रविवार सुबह 7 बजे पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस की 8 टीमों ने एक साथ, एक ही वक्त पर आरोपियों के घर पर दबिश दी। इस दौरान 3 आरोपियों के घर पर ताला लगा था। पुलिस ने पड़ोसियों से सवाल-जवाब किए।

छापेमारी के दौरान चंपत राय के करीबी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के घर पर ताला लगा मिला। कुछ देर बाद टिन्नू की मां मौके पर पहुंचीं और ताला खोला। पुलिस ने अंदर जांच पड़ताल की। पुलिस टिन्नू के घर से थोड़ी दूरी पर भतीजे आरोपी मनीष यादव के घर पहुंची तो वहां भी ताला लगा था। वहीं, आरोपी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव के घर पर भी ताला लगा मिला। आरोपी अनुकल्प मिश्रा के घर पर भी छापेमारी हुई। खरीदी गई संपत्तियों के दस्तावेज और बैंक अकाउंट डिटेल खंगाले गए। परिजनों के बयान दर्ज किए गए। छापेमारी में राजस्व अधिकारियों खासकर लेखपालों को शामिल किया गया। पुलिस ने दोपहर 3 बजे तक करीब 8 घंटे जांच की। इस दौरान राम मंदिर से जुड़ने के बाद आरोपियों के लाइफ स्टाइल में आए बदलाव को लेकर पड़ताल की गई। क्या-क्या मिला है, इसकी जानकारी नहीं दी गई। एसआईटी मामले की जांच कर रही है। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। अयोध्या का राम राज्य ऐसा है कि अपराधियों को कभी माफ नहीं किया जाता। उन्हें सजा दी जाती है। जल्दबाजी करने या राजनीतिक रंग देने की कोई जरूरत नहीं है। चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया। यूपी सरकार ने 13 जून को एसआईटी बनाई। एसआईटी ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। 25 जून को ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पहली एफआईआर दर्ज हुई। इसमें रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 को नामजद किया गया। हालांकि, चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। एफआईआर दर्ज होने के कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट ने सभी आरोपियों को तीन दिन के लिए जेल भेज दिया। शुक्रवार को ही मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया।

## सुर्खियां.............

### नाजायज तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** क्षेत्राधिकारी राजेश कमल के निर्देश के अनुरूप स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इटौरा चौकी पुलिस टीम के द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर चालान दिया गया है।

### सगे भाई पर किया कुल्हाड़ी से हमला,पुलिस ने किया मामला दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सगे भाई द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर देने और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथी निवासी राजेश पुत्र शोभालाल ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसके सगे भाई सतीश ने उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, साथ ही गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी।

### जालौन से किशोरी को फिर भगा ले गया आशिक


( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** किशोरी को बहला-फुसलाकर कर युवक अपने साथ भगा ले गयाकिशोरी को बहला-फुसलाकर कर युवक अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री को कानपुर निवासी करण सिंह ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। मोबाइल पर दोनों का संपर्क हो गया था। बीती 23 जून की सुबह साढ़े 8 बजे उनकी बेटी सब्जी लेने गई थी। वहीं से वह लापता हो गई। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश की। इसी दौरान पता चला कि उनकी बेटी को कानपुर निवासी करण सिंह अपने साथ बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया है। बेटी अपने साथ मोबाइल फोन व 5000 रुपये भी ले गई है।

## कांप उठेगी रूह! 13 साल की बच्ची और 5 दिन, 30 से ज्यादा हैवानों ने किया रेप; रिक्शा चालक ने होटल मालिक को बेचा

( यंग भारत न्यूज )

श्री गंगानगर से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां 13 वर्षीय लड़की का कथित तौर पर पांच दिन के भीतर 30 से ज्यादा लोगों ने रेप किया। बताया जा रहा है कि बच्ची को अलग-अलग होटल में ले जाकर इस घिनौनी हरकत को अंजाम दिया गया।पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। वहीं बच्ची की सुरक्षा और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।पुलिस ने इस मामले में एफआईआर भी दर्ज कर ली है। एफआईआर के मुताबिक, मामले की शुरुआत तब हुई जब लड़की अपने घर से बाहर निकली थी और फिर एक रिक्शा चालक ने मासूम को बहला-फुसलाकर उसे एक होटल मालिक को बेच दिया था।



इंडिया टुडे के मुताबिक, इस मामले में पुलिस ने कई होटल मालिकों और मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पांच दिन तक बच्ची नरक जैसे हालातों में रही क्योंकि इस दौरान अलग-अलग होटल मालिक और मैनेजर ने उसे 30 से ज्यादा लोगों की हवस का शिकार बनाया। आरोप है कि होटल मालिकों और संचालकों ने इस हृदयविदारक आपराधिक घटना को दबाने की भी कोशिश की।दर्ज एफआईआर के मुताबिक, हैरानी की बात ये भी है कि जब बच्ची लगातार दरिंदों की हवस का शिकार हो रही थी तो वह दर्द से तड़पने लगती थी। इस दौरान हवस के भूखे भेड़िए उसे जबरन शराब पिला देते थे। इस दौरान बच्ची को हवस का शिकार बनाया जाता । बच्ची ने एफआईआर में यह आरोप लगाया है।घटना की जानकारी सामने आने के बाद लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। विपक्षी दल कांग्रेस और अलग-अलग सामाजिक संगठन सड़कों पर उतर रहे हैं। श्री गंगा नगर कोई पॉपुलर टूरिस्ट डेस्टिनेशन नहीं मगर फिर भी जिले में 150 से ज्यादा अवैध होटलों का संचालन हो रहा है। आक्रोशित लोग इन होटलों को तुरंत बंद करने की मांग कर रहे हैं।श्रीगंगानगर के पूर्व विधायक राजकुमार गौड़ ने इस मामले में न्याय की मांग की और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दिलाने, मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर सीओ सिटी विष्णु खत्री को ज्ञापन भी सौंपा दिया है। वहीं प्रशासन की ओर से कहा गया है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और सख्त से सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

## 4 प्रदेशों के राज्यपाल और 3 मुख्यमंत्री बदल सकते हैं कभी भी

### देश लेवल पर भाजपा अपनी पकड़ कर रही है मजबूत

अनिल शर्मा + संजय श्रीवास्तव

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली।** भाजपा और संघ के शीर्ष नेतृत्व ने इसकी तैयारी कर ली है अब उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और कर्नाटक राज्यों के राज्यपाल बदले जाने की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। जिनमें कुछ राज्यों में नए राज्यपाल भेजने की बात है, उसमें प्रमुखता से नाम चल रहा है — जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा को कर्नाटक भेजा जा सकता है।

इसी तरह केंद्र के मंत्रिमंडल से भी कुछ लोग जो हटेंगे, उनको नए राज्यपाल के रूप में नियुक्ति दी जा




सकती है। इसमें पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा को भी किसी राज्य का राज्यपाल बना दिया जाए तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए और इसी के साथ ही साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के बदलने की भी चर्चा है। जिसमें मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया, राजेंद्र शुक्ला और शिवराज सिंह प्रह्लाद पटेल के नाम प्रमुख रूप से चल रहे हैं। राजस्थान में किसी राजपूत को ही मुख्यमंत्री बनाया जाना है, जिसमें दिया सिंह, गजेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र राठौड़ के नाम प्रमुख रूप से चर्चा में हैं। छत्तीसगढ़ में आदिवासी लीडरों के ऊपर चर्चा हो रही है। वहाँ किसी नए मुख्यमंत्री को नियुक्त करने पर विचार किया जा रहा है।

## अखिलेश यादव ने राम मंदिर दान चोरी मामले में सीएम योगी पर उठाए सवाल, विकास कार्यों पर भी तंज

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कथित राम मंदिर दान घोटाला मामले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सीएम योगी की अयोध्या की लगातार यात्राओं के बावजूद मंदिर परिसर में गड़बड़ियों की बात कैसे सामने आई?



अखिलेश ने कहा कि स्ढ्ढञ्ज की रिपोर्ट में खुद यह बात सामने आई है कि सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ की गई थी। उन्होंने आगे कहा ‘ ’क्या सीएम योगी अयोध्या सबसे ज्यादा बार जाने का रिकॉर्ड इसलिए बना रहे थे कि वहां चोरी का निगरानी कर सके? इतनी बार अयोध्या जाने के बाद भी उन्हें इसकी जानकारी कैसे नहीं हुई की, मंदिर परिसर में क्या चल रहा है? बता दें, अखिलेश यादव ने यह टिप्पणी उस समय की, जब राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने राम मंदिर दान गबन मामले में नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वहीं इस मामले में गिरफ्तार आठ आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इनमें अविनाश शुक्ला, अंकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडेय, रामाशंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रामाशंकर उर्फ टिन्नू शामिल हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने विकास कार्यों को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में दुनिया भर से श्रद्धालु राम लला के दर्शन करने आते हैं। इसके लिए वहां विश्वस्तरीय सुविधाएं और इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। धार्मिक नगरी में आने वाले श्राद्धालुओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलनी चाहिए।

# पालिकाध्यक्ष ने नगर विकास में जोडी एक और कडी

## लंबे समय से सौन्दर्यीकरण की बाह टोह रहा रामकुंड अब होगा चकाचक



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक रामकुंड तालाब का जीर्णोद्धार पालिका द्वारा होने जा रहा है। इसके सौंदर्यीकरण के लिए पालिकाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमिपूजन किया है। नगर पालिका 16 लाख की लागत से इस प्राचीन तालाब की तस्वीर बदलने जा रही है।नगर के प्राचीन तालाबों में शामिल रामकुंड तालाब वर्षों से जीर्णशीर्ण हालत में पहुंच गया था जबकि नगर में होने वाली श्रीमद्भागवत कथा पुराण के आयोजित होने वाली कलश यात्राओं का शुभारंभ रामकुंड से ही होता है।नगर की विश्व प्रसिद्ध एतिहासिक रामलीला का भी एक मैदानी मंचन रामकुंड पर होता है।इसके अलावा भी कई धर्मिक कार्यक्रम इसी तालाब के जल से अभिसिंचित के उपरांत ही आयोजित होते हैं। नगर के लोगों की मांग पर नगर पालिका इस प्राचीन रामकुंड तालाब का 16 लाख रुपए की लागत से जीर्णोद्धार कराने जा रही है। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में रामकुंड तालाब की हालत जर्जर हो गई है।नगर के लोगों की मांग पर इस तालाब का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 16 लाख रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य के तहत तालाब के तीनों ओर बाउंड्रीबाल, लोहे की ग्रिल तथा सीढ़ियों पर टाइल्स लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान अथवा बाद में भी जरूरत के हिसाब से कुछ और निर्माणकार्य भी कराया जाना संभव है।उन्होंने कहा नगर विकास में कोई कोर कसर नही छोडी जाएगी।पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा सभी सभासदो सहित नगर की जनता का पूरा सहयोग मिल रहा है।

## नाबालिग किशोरी के साथ हुआ था सामुहिक दुष्कर्म, 12 दिन बाद पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

- नदीगांव थाना पुलिस दे रही बलात्कारियों का साथ
- 12 दिन के बाद होने वाली डाक्टरी में भी कमजोर हो जाएंगे साक्ष्य

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने और फिर कोंच नगर सहित मध्यप्रदेश के दबोह में उक्त किशोरी को बंद कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों नरेंद्र यादव निवासी नदीगांव एवं सुनील निवासी ग्राम धर्मपुरा थाना पंडोखर जिला भिंड के खिलाफ किशोरी के पिता की तहरीर पर थाना नदीगांव पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस पीड़ित किशोरी के बयान दर्ज कराने की कार्यवाही और फरार दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है।गौरतलब हो कि सर्किल के नदीगांव थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने शनिवार को क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद को शिकायती पत्र देकर बताया था कि बीती 14 जून को उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को कस्बे का ही युवक नरेंद्र पंडोखर मध्यप्रदेश क्षेत्र निवासी अपने साथी सुनील के साथ मिलकर बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया था। मामले को लेकर उसने थाना नदीगांव पुलिस को शिकायती पत्र दिया था लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। पीड़ित व्यक्ति ने सीओ को बताया था कि किसी प्रकार से उसकी बेटी उक्त दोनों युवकों के चंगुल से छूटकर मध्यप्रदेश के थाना दबोह पहुंच गई थी जिसकी सूचना दबोह थाने से उसे मिली थी। दबोह थाने में बेटी ने उसे बताया था कि उक्त दोनों व्यक्तियों सहित दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने उसे दबोह स्थित एक कमरे में बंद कर उसके साथ सामूहिक रूप से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया, साथ ही बेटी ने बताया था कि इससे पहले भी 21 मई को उक्त दोनों युवक उसे अपने साथ कोंच कस्बा लेकर गए थे जहां आधार कार्ड में उसकी उम्र बढ़वाने के लिए उससे हस्ताक्षर करवा कर कोंच में भी एक स्थान पर उक्त दोनों ने जबरन दुष्कर्म किया था। साथ ही दोनों ने उसे धमकी भी दी थी कि इस बाबत किसी को कुछ भी बताया तो जान से मार देंगे जिससे डर के मारे वह कोंच कस्बे में अपने साथ घटित दुष्कर्म की घटना पर चुप रही थी। पीड़ित व्यक्ति ने सीओ को बताया था कि उक्त व्यक्ति अब उसके मोबाइल पर कॉल कर उसे धमका रहे हैं। वहीं सीओ द्वारा पीड़ित व्यक्ति को कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिए जाने के उपरांत थाना नदीगांव पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है।

## नाजायज तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** क्षेत्राधिकारी राजेश कमल के निर्देश के अनुरूप स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इटौरा चौकी पुलिस टीम के द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर चालान दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उपनिरीक्षक अनुपम मिश्रा, लक्ष्मण परिहार, अंकित यादव, रुवेश कुमार इटौरा चौकी से सरकारी गाड़ी से रवाना होकर ग्राम इमलिया की ओर जा रहे थे। जैसे ही पुलिस टीम बारा गांव के पास पहुंची तो मुखबिर ने आकर बताया कि बारा पुलिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति असलहा लिए बैठा है।पुलिस टीम ने दविश देकर घेर कर पुलिया पर बैठे आरोपी व्यक्ति फूल सिंह पुत्र राम शंकर निवासी रामदास का डेरा (मरगांया) थाना कदौरा को दबोच लिया। जामा तलाशी में पहने हाफ पैंट में पीछे कमर में घुसा एक अदद तमंचा 32 बोर व एक जिंदा कारतूस वह एक मिस कारतूस बरामद हुआ। नाजायज असलहा व कारतूस रखने का लाइसेंस तलब किया गया तो दिखाने से मना किया। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी व्यक्ति फूल सिंह को गिरफ्तार कर धारा 3/25 एक्ट के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही कर चालान कर दिया गया है।

## सगे भाई पर किया कुल्हाड़ी से हमला,पुलिस ने किया मामला दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सगे भाई द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर देने और गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथी निवासी राजेश पुत्र शोभालाल ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसके सगे भाई सतीश ने उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, साथ ही गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में पुलिस ने घायल राजेश का चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए आरोपी सतीश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

## जालौन से किशोरी को फिर भगा ले गया आशिक

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** किशोरी को बहला-फुसलाकर कर युवक अपने साथ भगा ले गयाकिशोरी को बहला-फुसलाकर कर युवक अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री को कानपुर निवासी करण सिंह ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। मोबाइल पर दोनों का संपर्क हो गया था। बीती 23 जून की सुबह साढ़े 8 बजे उनकी बेटी सब्जी लेने गई थी। वहीं से वह लापता हो गई। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश की। इसी दौरान पता चला कि उनकी बेटी को कानपुर निवासी करण सिंह अपने साथ बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया है। बेटी अपने साथ मोबाइल फोन व 5000 रुपये भी ले गई है। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार कार ने बाईक में मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** उरई जालौन मार्ग पर राम गार्डन के पास तेज रफ्तार कार ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाना निवासी अखिलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि बीती 27 मई उनका बेटा आशुतोष व फर्दनवीस निवासी उनका साला चंद्रशेखर शाम को बाइक से घर की ओर आ रहे थे। बाइक उनका साला चंद्रशेखर चला रहा था और उनका बेटा आशुतोष बाइक पर पीछे बैठा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने राम गार्डन के पास उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साले चंद्रशेखर को चोटें आई वहीं, बेटा आशुतोष गंभीर रूप से घायल हो गया। पहले उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज फिर उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान आशुतोष की अहमदाबाद में मृत्यु हो गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट इर्ज कर ली है।

## कोतवाली में हुआ थाना समाधान दिवस का आयोजन

**-मौके पर आईं 11 शिकायतों में 2 का हुआ निस्तारण**

**-पूर्व बार संघ अध्यक्ष ने की पैट्रोल पंप पर घटतौली की शिकायत**



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में आई कुल 11 शिकायतों में 2 का मौके पर निस्तारण किया गया।प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में पुलिस और राजस्व से संबंधित जो शिकायतें आई उनके गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए गए। पूर्व बार संघ अध्यक्ष रामशरण कुशवाहा ने शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने 23 जून की सुबह गांधीनगर स्थित मेन रोड पर एक फिलिंग स्टेशन (पेट्रोल पंप) से अपनी बाइक में एक सौ रुपए का पेट्रोल डलवाया था। पेट्रोल डलते समय फ्यूल पंप ने जब दो बार झटके लिए तो उन्होंने इस बारे में पेट्रोल डाल रहे कर्मचारी से पूछा, कर्मचारी ने अमूमन ऐसा हो जाने की बात कहकर कहा कि बाइक की टंकी में पेट्रोल पूरा गिरा है और कर्मचारी की बात सही मानकर वह बाइक लेकर पेट्रोल पंप से चले गए थे। उन्होंने बताया कि इसके बाद उनकी बाइक बमुश्किल 6 किमी ही चली और एक सौ रूपये का डलवाया हुआ पेट्रोल खत्म हो गया जिसके चलते बाइक फिर से रिजर्व में आ गई। अगले रोज वह पेट्रोल पंप पर पहुंचे और शिकायत की लेकिन पेट्रोल पंप मालिक सहित उक्त कर्मचारी उनकी कोई भी बात मानने को तैयार ही नहीं हैं। मामले को लेकर अधिवक्ता ने जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस दौरान उपनिरीक्षक अशोक कुमार वर्मा, महिला सिपाही जान्हवी आदि मौजूद रहे।

## बदहाल सड़क और जलनिकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विकास खंड जालौन के ग्राम खनुआ में बदहाल सड़क और जलनिकासी की समस्या को लेकर ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। गांव निवासी राशिद मंसूरी ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव का मुख्य मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सड़क पर पानी भर जाने से राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार लोग फिसलकर चोटिल भी हो जाते हैं। गंदा पानी जमा रहने से संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के विकास कार्यों के लिए शासन से धनराशि मिलने के बावजूद उसका समुचित उपयोग नहीं किया जा रहा है। विकास कार्यों में अनियमितता बरती जा रही है, जिसके कारण ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने मांग की है कि अधिकारियों की टीम भेजकर विकास कार्यों की जांच कराई जाए और गांव की जर्जर सड़क का निर्माण और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए।

## 99 शिव भक्तों का जत्था बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा के लिए निकला

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** हर-हर शंभू बम-बम भोले के जयकारों के साथ नगर से 99 शिव भक्तों का जत्था बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा के लिए निकला है। नगर से अमरनाथ की यात्रा पर जा रहे भक्तों पर पुष्पवर्षा कर जगह जगह स्वागत किया गया।

भगवान शंकर के अमरनाथ गुफा में बनने वाले बर्फ के शिवलिंग के दर्शन करने के लिए शिव भक्तों में खासा उत्साह है। शनिवार की शाम भक्तों का जत्था नगर के द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में एकत्रित हुआ। वहां पर शिवभक्तों से मौजूद लोगों ने फूल मालाओं से लाद दिया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। 99 शिव भक्तों का जत्था बैंड-बाजे की ध्वनि पर आगे बढ़ते हुए मस्ती में झूमते हुए आगे बढ़ रहा था। भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान मुस्तैद थे। नगर में जगह जगह पुष्प वर्मा कर अमरनाथ यात्रियों को स्वागत किया गया। नगर में काफी संख्या में लोग उन्हें छोड़ने के लिए आगे बढ़ रहे थे। भगवान शंकर के जयकारों व भजनों की ध्वनि से पूरे नगर का माहौल शिव भक्तिमय हो गया। देवनगर चौराहे पर उन्हें बस से बालटाल के लिए रवाना किया। वहां से आगे की चढ़ाई अमरनाथ यात्री पैदल ही तय करेंगे। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्यामजी गुप्ता, पुष्पेंद्र यादव, मनीष धूसर, पुष्पेंद्र सिंह यादव, शिवा, जगदीश प्रसाद, ठाकुर प्रसाद, राहुल साहू, संजय अग्रवाल, अमित कुमार, कन्हैया गुप्ता, रोहित, लोकेंद्र, बालमुकुंद, संदीप, पवन आदि भक्त रवाना हुए। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, दीपक मित्तल आदि रहे।

## भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश का जयंती समारोह मनाया गया

( यंग भारत न्यूज )




**जालौन-उरई ।** भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश का जयंती समारोह संपर्क टोली के सदस्य अनुराग अग्रवाल के आवास पर मनाया गया। समारोह में भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के निवर्तमान सचिव अरविन्द श्रीवास्तव ने डॉ सूरज प्रकाश के व्यक्तित्व, कृतित्व व जीवन चरित्र के बारे में कहा कि उनका दिव्य मूल्यों पर आधारित जीवन हजारों कार्यकर्ताओं को प्रेरणा दे रहा है। उनका संदेश है कि राष्ट्र का विकास केवल आर्थिक समृद्धि से ही नहीं बल्कि संस्कारित, संवेदनशील और समर्पित नागरिकों से होता है। संरक्षक सतीश सिंह सेंगर व सचिव अनुरुद्ध विश्नोई नीटू ने कहा कि डॉ सूरज प्रकाश के विचारों से प्रेरित होकर भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा सेवा, संस्कार, पर्यावरण, स्वास्थ्य, बाल एवं महिला कल्याण, शिक्षा उन्नयन, वंचित सहायता के वर्ष पर्यन्त कार्य कर रही है। वंचित वर्ग की सहायता के लिए अंत्योदय केंद्र संचालित है। भीषण गर्मी से राहत दिलाने हेतु प्रमुख स्थान पर वाटर कूलर राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध करा रहा है। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने राष्ट्र, समाज व परिवार कल्याण की कामना करते हुए सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया। इस मौके पर सुनील गुप्ता, अखिलेश लाक्षाकार, राकेश लाक्षाकार, प्रेम कुमार गुप्ता, पंकज अग्रवाल, पीयूष गुप्ता, पवन कुमार अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, संतोष पोरवाल, रामजी विपुल गुप्ता, विवेक अग्रवाल, रमेश हूंका, गोपाल औदीच्य, अनीता गुप्ता, करुणा अग्रवाल, रश्मि विश्नोई, साधना श्रीवास्तव, सिंधुजा श्रीवास्तव, निधि अग्रवाल, ऊषा गुप्ता, आकांक्षा, मुक्ता अग्रवाल, शशि औदीच्य, हर्षिता राठी, अनुराधा अग्रवाल आदि रहे।

## हल्की बूंदाबांदी से गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद, पर उमस ने फेरा पानी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** शनिवार देर रात हुई हल्की बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन बारिश के बाद दिन में निकली तेज धूप ने उमस और बढ़ा दी। पूरे दिन गर्मी और नमी के कारण लोग पसीने से तरबतर रहे। रविवार सुबह से ही आसमान में बादल और धूप का सिलसिला चलता रहा। बीच-बीच में धूप तेज होने से वातावरण में नमी बढ़ गई, जिससे उमस का असर और अधिक महसूस हुआ। बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर निकलने वाले लोग बार-बार पसीना पोंछते नजर आए। दोपहर के समय गर्मी और उमस के कारण बाजारों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा कम चहल-पहल रही। उमस भरे मौसम का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर देखने को मिला। घरों के अंदर भी लोग गर्मी से परेशान रहे। पंखे और कूलर भी पर्याप्त राहत नहीं दे सके। वहीं शनिवार रात बिजली की आवाजाही ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। लोगों को रात में परेशानी का सामना करना पड़ा और ठीक से नींद भी नहीं आ सकी। अब लोगों को उम्मीद है जल्द ही बारिश हो और उन्हें इस गर्मी से राहत मिले। डॉ. आलोक गुर्जर ने बताया कि ऐसे मौसम में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, धूप में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें एवं बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

## नगर में 31 और ग्रामीण क्षेत्र में 86 बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** रविवार को आयोजित पल्स पोलियों प्रतिरक्षण अभियान के तहत नगर में 31 और ग्रामीण क्षेत्र में 86 बूथों पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। पोलियो बूथ पर आज नगर क्षेत्र में 9260 बच्चों में से 5450 बच्चों को दवा पिलाई गई।

रविवार को पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया गया। एसडीएम रिंकू सिंह राही ने दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के तहत नगर के शून्य से पांच वर्ष तक के 9260 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के 31 बूथ बनाए गए थे और यात्रा कर रहे बच्चों को दवा पिलाने के लिए चार ट्रांजेट बूथ बनाए गए थे। जिन्होंने देवनगर चौराहा, पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहा एवं सहाव मोड़ पर बच्चों को दवा पिलाई। पोलियो रविवार के दिन नगर में 60 प्रतिशत बच्चों को दवा पिलाई जा सकी। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के शून्य से पांच वर्ष तक के 14930 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया था। जिसके लिए 88 बूथ बनाए गए थे। ग्रामीण क्षेत्र में 45 फीसदी बच्चों को दवा पिलाई जा सकी। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता व डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने पोलियो बूथ पर पहुंचकर प्रगति देखी। उन्होंने बताया कि कल से पांच दिनों तक नगर में 21 टीमें व 2 सेंटर एवं गांवों में 44 टीमें तथा चार सेंटर बच्चों को घर घर जाकर दवा पिलाएंगी। कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित न रह जाय इसके लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों को जोनों में बांटा गया है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की है कि जो भी बच्चे दवा नहीं पी सके हैं वह डोर टू डोर अभियान में अपने बच्चों को दवा अवश्य पिलाएं।

# प्रधान ने हैट्रिक लगाकर दाबर गांव में कराया दम से विकास कार्य

## शौचालय विद्यालय व रास्ते देख कर ग्रामीण कर रहे हैं सराहना

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** कौन कहता है कि मन भरे अच्छे मंसूबों को धरातल पर नहीं उतारा जा सकता है अगर नीति और नियत सही है तो आकाश से तारे भी नीचे उतारे जा सकते हैं विकास को वास्तविक रूप से धरातल पर वास्तविक स्वरूप देने का काम तहसील की ग्राम पंचायत दाबर के प्रधान नीरज कुमार गोस्वामी ने कर दिखाया जब वह पिछली पंचवर्षीय योजना में प्रधान बने तो गांव में विकास के नाम पर न तो रास्ते ही थे और न ही स्वच्छता के नाम पर शौचालय थे जैसे ही शिक्षित और अनुभवी नीरज कुमार गोस्वामी को गांव ने लोगों ग्राम पंचायत प्रधान के पद की डोर सौंपी तो गांव में विकास को पंख लग गये शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु सरकारी हैंडपंपों को लगवाया तो वहीं कुओं को सुंदरीकृत किया गया हर रास्ते में सीसी इंटरलोकिंग का जाल बिछाया गया तो वहीं जल निकासी के लिए तमाम नाले नालियों का निर्माण कार्य धरातल पर कराया है मनरेगा योजना के तहत गांव के लोगो को रोजगार देकर पलायन रोकने में मददगार बने गांव बीहडवर्ती होने की बजह से किसानों की खेती ऊंची नीची व मेडबंदी न होने की बजह से फसलों की स्थिति खराब थी प्रधान ने गांव के किसानों के खेत समतलीकरण कार्य करवाते हुए मेडबंदी कार्य कर किसानों को खेती में उलझन से मुक्ति दिलाने का काम किया किसान अमन-चैन के साथ बढ़िया खेती करके खुशहाली के साथ मशगूल हैं जहां कभी सूरज की किरण नहीं जाती थी वहां भी प्रधान ने विकास की नई रफ्तार व ऊर्जा देकर विकास की नई इबारत लिखने का काम किया

**मनरेगा योजना से मजदूरों का पलायन रूका तो किसानों की बढ़ी आमदनी**

ग्राम पंचायत दाबर में मारगपुरा हसूपुरा दो मजरे है इनमें गांव में रहने वाले गरीब मजदूरों के करीब सात सौ जांब कार्ड बने हुए मजदूरों नियमित काम मिला है तो वहीं आम रास्तों और चकमार्गों में धरातल पर सुधार कराया गया है तो वहीं किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाने के प्रधान ने मेडबंदी व समतलीकरण कार्य भी बड़े स्तर पर करवाया मनरेगा योजना से करीब पांच किलोमीटर पक्के मार्ग कराए गए हैं चकमार्ग समतलीकरण मेडबंदी कार्य आदि बीस किलोमीटर से अधिक करवाए गए हैं तो मनरेगा योजना को हौंसलाई पंख देने में रोजगार सेवक मुन्नीलाल और सचिव पुष्पेन्द्र की भी सही सोच और सही कार्य की सराहना की जा रही है

**आवासीय योजना से सात दर्जन पात्रों को कराया गया लाभान्वित**

गांव छत विहीन करीब तिरासी पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने का काम किया गया वहीं एक लाभार्थी को एक मुख्यमंत्री आवास दिलवाया गया तो वहीं और पात्रों के नाम अंकित कराए गए हैं उन्हें भी आवास योजना का लाभ मिलेगा

**पंचायत कार्यालय विद्यालय खाद्य रसद की दुकान शौचालय हो गये सुसज्जित**

दाबर गांव में पंचायत कार्यालय से लेकर विद्यालय भवन खाद्य रसद की दुकान सामुदायिक शौचालय को विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है पंचायत से संबंधित कोई भी कार्य हो पंचायत भवन के कार्यालय में कम्प्यूटर आपरेटर अजय समयानुसार उपलब्ध रहता है लोगों की समस्याओं का निदान अनवरत जारी रहता है तो वहीं स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत सामुदायिक शौचालय को भी रंग-रोगन देकर शानदार तैयार कराया गया है विद्यालयों में रंग रोगन से लेकर टायलिंग का काम भी बेहतर किया गया है वहीं कचरा प्रबंधन का काम प्रगति पर बताया गया करीब एक हजार मीटर नालियों का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराया गया है वहीं जगह जगह पुलियों का भी निर्माण कार्य कराया गया है जिससे कि जल निकासी हो सके प्रधान नीरज कुमार गोस्वामी ने बताया कि गांव के मतदाताओं ने मुझे दूसरी बार प्रधान बनाया है मैंने पूरी सी पंचायत के विकास में कोई कमीं नहीं छोड़ी है जहां भी वास्तविक समस्या वर्षों से थी उसका निदान धरातल पर कराया है उन्होंने दो टूक कहा कि जिसकी मंशा अच्छी हो तो काम भी अच्छे होते हैं एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि आरोप लगना अलग बात है वह बेबुनियाद है लेकिन विकास कार्य धरातल पर हैं जो कि विकास की इबारत को बता रहे हैं

# यमुना पुल पर जाम और बढ़ते अपराधों से लोग परेशान, कालपी पुलिस पर लग रहे तरह तरह के आरोप

- यमुना पुल की मरम्मत और अवैध बालू वाहनों के दबाव से घंटों जाम, एंबुलेंस तक फंसने से लोगों में आक्रोश
- स्थानीय लोगों ने पुलिस पर अवैध खनन, ओवरलोड वाहनों और अवैध कारोबार को संरक्षण देने के लगाए आरोप
- सर्विस रोड पर अवैध बसों, ई-रिक्शा और नाबालिग चालकों के संचालन से यातायात व्यवस्था चरमराई
- जनता ने पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी से प्रभावी कार्रवाई कर कानून व्यवस्था सुधारने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** यमुना नदी के पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य के कारण पहले से ही वाहनों का भारी दबाव बना हुआ है। इस बीच स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध बालू से लदे ओवरलोड ट्रक जल्द निकलने की कोशिश में गलत दिशा से पुल पर प्रवेश कर जाते हैं, जिससे पांच से सात किलोमीटर तक लंबा जाम लग जाता है। इस जाम में कई बार एंबुलेंस भी घंटों फंसी रहती हैं, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। आम नागरिकों को भी भीषण गर्मी में पांच से छह घंटे तक जाम में फंसे रहने की परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए तो जाम की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है। लोगों का यह भी आरोप है कि पुलिस की ढिलाई के कारण अवैध वाहनों का संचालन लगातार बढ़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि कालपी कोतवाली क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। उनका कहना है कि यदि पुलिस नियमित रूप से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच करे तो चोरी, लूट और अन्य अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार सर्विस रोड पर अन्य राज्यों से आने वाली कथित अवैध परमिट वाली बसें और अन्य वाहन अव्यवस्थित ढंग से खड़े रहते हैं, जिससे यातायात और अधिक प्रभावित होता है। कुछ स्थानीय नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में जुआ, अवैध शराब और अन्य अवैध कारोबार खुलेआम संचालित हो रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी अवैध गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर एक वरिष्ठ नागरिक ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए और कहा कि वर्तमान व्यवस्था से आम जनता का विश्वास कमजोर हुआ है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार आने वाले लोगों का कहना है कि वे अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों के भय के कारण असुरक्षित महसूस करते हैं। जनता ने पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी राजेश कमल से अपेक्षा जताई है कि वे मामले का संज्ञान लेकर जाम, अवैध खनन, ओवरलोड वाहनों, जुआ, अवैध शराब और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों का पुलिस पर विश्वास पुन: स्थापित हो सके

# मॉर्निंग स्टार जूनियर स्कूल का शुभारंभ, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने किया उद्घाटन

### फीता काटकर नए शैक्षणिक सत्र का किया शुभारंभ, स्कूल परिसर का किया निरीक्षण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन।** राजेंद्र नगर स्थित मॉर्निंग स्टार जूनियर स्कूल का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यालय का उद्घाटन किया।

विद्यालय के चेयरमैन अभय प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश सिंह ने बताया कि स्कूल पूरी तरह वातानुकूलित है और यहां पीजी से कक्षा चार तक के विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, ब्रजभूषण सिंह, जगदीश तिवारी, अनिल बहुगुणा, युद्धवीर सिंह कंथरिया, हरेंद्र विक्रम सिंह, विद्यालय की मैनेजर अर्चना सिंह, लवकुश, मोनिका, पूजा, दिलीप, अंबिका, योगेंद्र, रंजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, डीएम ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया आगाज

### – हर बच्चे तक पहुंचे पोलियो की दो बूंद, कोई भी 0 से 5 वर्ष का बच्चा न छूटे-- जिलाधिकारी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद को पोलियो मुक्त बनाए रखने और बच्चों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रविवार को जिला महिला चिकित्सालय, उरई से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नवजात शिशुओं के परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम समय पर पोलियो की दवा पिलाना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव और घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाएंगी, इसलिए आमजन उनका पूरा सहयोग करें ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण और पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन से देश ने पोलियो पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है, जिसे बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने बताया कि जनपद में अभियान के तहत 1,188 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां 2,16,833 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बूथ दिवस के बाद 29 जून से 3 जुलाई तक 590 घर-घर भ्रमण टीमें लगभग 3,31,360 घरों में पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। अभियान की निगरानी के लिए 190 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है, जबकि यात्रा कर रहे परिवारों के बच्चों तक दवा पहुंचाने के लिए 41 ट्रांजिट टीमें भी सक्रिय रहेंगी। इसके अलावा 6 जुलाई को बी-टीम द्वारा छूटे हुए बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी तथा जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. आनंद प्रकाश वर्मा, जिला महिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जे.एन. राम, सीएमएस डॉ. एस.के. पाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रेम प्रताप सहित यूएनडीपी/डब्ल्यूएचओ एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, पर्यवेक्षक तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी को मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जलाने के प्रयास का आरोपी पति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

( यंग भारत न्यूज )

- 21 जून को हुई घटना में गंभीर रूप से झुलसी विवाहिता का ग्वालियर में चल रहा उपचार
- दहेज उत्पीड़न व हत्या के प्रयास के मुकदमे में पुलिस की कार्रवाई, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**उरई।** जनपद के कोंच कस्बे के नया पटेल नगर में पत्नी पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

जानकारी के अनुसार, 21 जून की शाम नया पटेल नगर निवासी विवाहिता महक को उसके पति हरीकिशुन ने कथित रूप से मिट्टी का तेल डालकर आग के हवाले कर दिया था। घटना में महक गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे पहले स्थानीय स्तर पर उपचार दिलाया गया और बाद में बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर कोंच पुलिस ने आरोपी पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न तथा हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी पति हरीकिशुन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया कि मामले में नामजद अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# नाजायज तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कालपी क्षेत्राधिकारी राजेश कमल के निर्देश के अनुरूप स्थानीय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इटौरा चौकी पुलिस टीम के द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर चालान दिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार उपनिरीक्षक अनुपम मिश्रा, लक्ष्मण परिहार, अंकित यादव, रुवेश कुमार इटौरा चौकी से सरकारी गाड़ी से रवाना होकर ग्राम इमलिया की ओर जा रहे थे। जैसे ही पुलिस टीम बारा गांव के पास पहुंची तो मुखबिर ने आकर बताया कि बारा पुलिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति असलहा लिए बैठा है।पुलिस टीम ने दविश देकर घेर कर पुलिया पर बैठे आरोपी व्यक्ति फूल सिंह पुत्र राम शंकर निवासी रामदास का डेरा (मरगांया) थाना कदौरा को दबोच लिया। जामा तलाशी में पहने हाफ पैंट में पीछे कमर में घुसा एक अदद तमंचा 32 बोर व एक जिंदा कारतूस वह एक मिस कारतूस बरामद हुआ। नाजायज असलहा व कारतूस रखने का लाइसेंस तलब किया गया तो दिखाने से मना किया। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी व्यक्ति फूल सिंह को गिरफ्तार कर धारा 3/25 एक्ट के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही कर चालान कर दिया गया है।

# बंद कमरों में हो रही आरएलडी संगठन की बैठकें, दो गुटों में बंटा दिख रहा संगठन

( यंग भारत न्यूज )

- जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव ने रविवार को पर्वतपुरा हाउस में की संगठनात्मक बैठक
- जालौन रोड स्थित बैठक को लेकर कार्यकर्ताओं में तरह-तरह की चर्चाएं
- एक गुट में विपिन शिवहरे, दूसरे में जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव बताए जा रहे

**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) का जिला संगठन इन दिनों आंतरिक गुटबाजी को लेकर चर्चा में है। रविवार को जालौन रोड स्थित पर्वतपुरा हाउस में जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बंद कमरे में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा किए जाने की बात कही गई।

हालांकि बैठक को लेकर राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी रही कि आरएलडी का जिला संगठन दो गुटों में बंटा हुआ नजर आ रहा है। एक ओर विपिन शिवहरे के समर्थक सक्रिय बताए जा रहे हैं, जबकि दूसरे गुट का नेतृत्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीवास्तव के हाथों में माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में अलग-अलग बैठकों और कार्यक्रमों के आयोजन से संगठन के भीतर मतभेदों की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। बंद कमरे में हुई बैठक के बाद भी कार्यकर्ताओं के बीच विभिन्न तरह की चर्चाएं होती रहीं। हालांकि पार्टी की ओर से गुटबाजी को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आगामी चुनावी तैयारियों को देखते हुए यदि संगठन के भीतर मतभेद दूर नहीं हुए तो इसका असर पार्टी की मजबूती पर पड़ सकता है। फिलहाल पार्टी नेतृत्व की ओर से संगठन को एकजुट रखने के प्रयास किए जाने की बात कही जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज में फायर मॉक ड्रिल, आपात स्थिति से निपटने की तैयारियां परखी गईं

( यंग भारत न्यूज )





- इमरजेंसी वार्ड में आग लगने की काल्पनिक स्थिति में बचाव अभियान का किया गया अभ्यास
- मरीजों को सुरक्षित निकालने और आग बुझाने का दिया गया प्रशिक्षण

**उरई,जालौन।** राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन में रविवार को इमरजेंसी वार्ड में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास का उद्देश्य आग जैसी आपात स्थिति में मरीजों की सुरक्षित निकासी, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखना था। कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ।मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्रशेखर यादव के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम तथा मेडिकल कॉलेज की आंतरिक फायर सेफ्टी टीम ने संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल का संचालन किया। सुबह 11:30 बजे इमरजेंसी वार्ड में आग लगने की काल्पनिक सूचना पर टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला और अग्निशमन यंत्रों व हाइड्रेंट सिस्टम के माध्यम से आग पर काबू पाने का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के दौरान नोडल फायर सेफ्टी ऑफिसर डॉ. चरक सांगवान, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत निरंजन एवं इमरजेंसी प्रभारी डॉ. शैलेश वर्मा मौजूद रहे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में शुरुआती बचाव उपायों और मरीजों की सुरक्षित निकासी के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया। अभ्यास के समापन पर अधिकारियों ने कहा कि नियमित मॉक ड्रिल से अस्पताल कर्मियों की आपदा प्रबंधन क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य किया जा सकता है।

# महिला दरोगा के नेतृत्व में मिशन शक्ति - 5 अभियान चलाकर जागरूक किया

### महिलाओं तथा बालिकाओं को साइबर अपराधों की दी गई जानकारियां

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** रविवार को कोतवाली की महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी के नेतृत्व में कालपी नगर में मिशन शक्ति अभियान 5.0 चलाया गया। इस दौरान कांसीराम कालौनी तथा भीड़-भाड़ वाले इलाको में घूम-घूम कर महिलाओं , बालिकाओं को जानकारियां देते हुए साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।

विदित हो कि महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा व स्वालम्बन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सुबह महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी, रिक्रूट महिला सिपाहियों नेहा देवी, गीतांजलि द्विवेदी,निधि बाजपेई,कास्टेबिल प्रेम वीर,राम प्रकाश आदि ने कांसीराम कालौनी तथा भीड़ भाड़ वाले स्थानों मे मिशन शक्ति सम्बंधित बुकलेट को बांटते हुये सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्वन की जानकारियां दी। महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरुक करते हुते जानकारी दी है कि जरूरत पड़ने पर विभिन्न सरकारी नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1067, के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला उप निरीक्षक ने अवगत कराया कि किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैक खाता नंबर,पिन, ओटीपी,सीवीवी नंबर इत्यादि साक्षा न करें।

# आत्मनिर्भर बालिका शिविर का समापन

## सरस्वती बालिका विद्या मंदिर मे पिछले छः दिनों से चल रहा था निशुल्क शिविर





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** गल्ला मंडी स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज,सरस्वती शिशु मंदिर, शिशु वाटिका मे पिछले छ: दिनों से चल रहे आत्मनिर्भर बालिका शिविर का समापन आज रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि के रूप मे डॉ हिमालया उदैनिया उपस्थित रही जव कि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ई राजीव रेजा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता शिशु कल्याण समिति के अध्यक्ष आर. बी मिश्र ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक कुं नरसिंह गहरवार एडवोकेट, सहप्रबंधिका मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद निरंजन, सदस्य डॉ नीता रेजा, प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा, वीरेंद्र वहरे आदि उपस्थित रहे।उपस्थित अतिथिओ ने सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर, माँ सरस्वती को पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।शिविर संयोजिका ज्योति गुप्ता ने शिविर मे हुयी गतिविधियों को विस्तार से बताया एवं कार्यक्रम रचना को प्रस्तुत किया सह संयोजिका शिवानी सिंह, साधना चतुर्वेदी ने अतिथिओ का परिचय कराया शिविर मे छात्राओ ने अनेक विधाओं को सीखा एवं आज समापन सत्र मे अतिथियों के समक्ष उसको प्रस्तुत किया जिसमे जूड़ो, सिलाई, मेकअप, बेकरी आदि रही।समापन सत्र मे मुख्यअतिथि डॉ हिमालया उदैनिया ने कहा कि छात्राओ को अपने जीवन मे कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए अपने लक्ष्य को आगे बढ़कर हासिल करे एवं स्वयं को पहचाने कि आपमें बहुत कुछ करने की शक्ति है नगर पालिकाध्यक्ष ने भी छात्राओ और प्रशासन तंत्र को सम्बोधित करते करते हुए कहा कि नगर मे प्रतिभाओ की कमी नहीं बस उन्हें निखारने की जरूरत है वही कार्य विद्यालय परिवार कर रहा है विशिष्ट अतिथि ई. राजीव रेजा ने छात्राओ को बताया कि वो अपने जीवन मे सफलता कैसे प्राप्त करे इसका गुरुमन्त्र देकर आशीर्वाद दिया विद्यालय के प्रबंधक कुं नरसिंह गहरवार एडवोकेट एवं कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद निरंजन ने शिविर मे प्रशिक्षण दे रही नगर की अर्चना निरंजन, निधि सिंघल,सीमा पहारिया, पोयम कुशवाहा, आरती, रजनी डेगरे के कार्य को सराहा और प्रशंसा की और उन्हें प्रमाण पत्र, गिफ्ट देकर सम्मानित किया, शिविर मे प्रतिभागी 42 छात्राओ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्या वंदना अवस्थी ने किया अंत मे सभी का आभार कार्यक्रम के अध्यक्ष आर. वी मिश्र ने व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य, बहिने, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर में सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

## - एसडीएम ने बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत रविवार को पोलियो दिवस पर सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले दिन नगर के 35 बूथों के अलावा सीएचसी, कमला नेहरू इंटर कालेज तथा अन्य निर्धारित केंद्रों पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने बूथों पर पहुंचने वाले बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की।

सीएचसी कोंच स्थित बूथ पर उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनिल शाक्य ने नगर के विभिन्न पोलियो बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता सभी की सहभागिता से ही संभव है। डॉ शाक्य ने बताया कि 29 जून से 3 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सके।

अभियान के दौरान ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों, झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों तथा प्रवासी परिवारों के बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि सभी बच्चों तक पोलियो की खुराक पहुंचाई जा सके। उन्होंने बताया कि कोंच नगर में अभियान के सफल संचालन के लिए 35 पोलियो बूथ, 37 टीमें और 9 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा पोलियो रोधी दवा से वंचित न रहे।उन्होंने कहा अगर इस महा अभियान में एक भी बच्चा छूटा तो मानो हमारा सुरक्षा चक्र टूटा। इस अवसर पर दीपू पेंटर, सुरजीत, अनुराधा, दीपक, पवन कुमार, मुकेश कुमार, आराधना दीक्षित, सुपरवाइजर सुशील चतुर्वेदी, पवन, अमर सिंह, अजय झा, रामनारायण, के.के. भार्गव तथा डॉ देव कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान को लेकर अभिभावकों में भी उत्साह देखने को मिला।बूथो पर अभिभावक अपने पाल्यो को लेकर पोलियो की दो बूंद पिलाने के लिए पहुंचे।

# बेल्डिंग की चिंगारी ने जला दिया पड़ोसी का घर, पीड़ित ने एसडीएम से की लिखित शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनयारा स्थित एक घर में आग लगने से गेहूं समेत गृहस्थी का तमाम सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने पड़ोसी के घर में हो रही बेल्डिंग से निकली चिंगारी से आग लग जाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।ग्राम पनयारा निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र बालकिशुन ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपने काम से कोंच गया हुआ था। इसी दौरान पड़ोसी के घर पर हो रही बेल्डिंग से निकली चिंगारी उसके घर पर गिर पड़ी जिससे उसके घर में आग लग गई। सूचना मिलने पर जब तक वह घर पहुंचता तब तक 8 कुंतल गेहूं, 15 कुंतल भूसा, साइकिल, पंखा कूलर सहित गृहस्थी का अन्य सामान जलकर खाक हो चुका था। धर्मेंद्र ने बताया कि सूचना पर यूपी 112 तो मौके पर आ गई थी लेकिन फायर ब्रिगेड गाड़ी नहीं आई जिससे आग काफी देर तक सुलगती रही। मामले को लेकर पीड़ित ने एसडीएम से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अनिल यादव का उरई में भव्य स्वागत, बोले– यह सम्मान पूरे जनपद का है

- कालपी पुल आटा टोल से भाजपा कार्यालय तक कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत
- ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और फूल-मालाओं से हुआ अभिनंदन, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह




( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त उत्तर प्रदेश प्रदेश मंत्री अनिल यादव के जनपद में प्रथम आगमन पर रविवार को कालपी पुल आटा टोल एवं भाजपा कार्यालय उरई पर उनका भव्य स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और फूल-मालाओं के साथ जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री अनिल यादव ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे जनपद का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद जनपद को प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने भाजपा को कार्यकर्ताओं की पार्टी बताते हुए कहा कि संगठन में समर्पण और निष्ठा से कार्य करने वाले छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी समय आने पर बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग और ईमानदारी से संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, नागेंद्र गुप्ता, संजीव उपाध्याय, नरेंद्र सिंह जादौन, जगदीश तिवारी, पुष्पेंद्र सेगर, प्रशांत द्विवेदी, मनोज यादव, अशोक राठौर, राम अनुग्रह राजावत, अमित पाण्डेय, नीरज दुबे, रेखा वर्मा, मीनू मिश्रा, सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन से गुम 6 वर्षीय बालक को जीआरपी ने सकुशल किया बरामद

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** रविवार की सुवह रेलवे स्टेशन कालपी से गुम हुए छह वर्षीय बालक को जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह की टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही समय में सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झांसी - कानपुर पैसेंजर ट्रेन में यात्रा करने के लिये हारुन अपने परिवार समेत करने के लिये रेलवे स्टेशन कालपी के प्लेटफार्म नम्बर पर मौजूद थे। प्लेटफार्म में पानी पीने के लिये गया भीड़भाड़ के दौरान मुहल्ला टरनंनगंज निवासी हारुन का पुत्र छह वर्षीय बालक हैदर अली अपने परिजनों से बिछड़ गया। परिजनों ने तत्काल जीआरपी को सूचना दी। सूचना मिलते ही जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह, आशीष कुमार, मेहरबान सिंह,अभिषेक कुमार ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय तथा आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाश अभियान चलाया। तलाश के दौरान बालक स्टेशन परिसर के बाहर बालक हैदर अली में सुरक्षित मिल गया। पहचान की पुष्टि के बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह ने ने यात्रियों से अपील की कि यात्रा के दौरान छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

# महिलाओं तथा बालिकाओं को साइबर अपराधों की दी गई जानकारियां

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** रविवार को कोतवाली की महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी के नेतृत्व में कालपी नगर में मिशन शक्ति अभियान 5.0 चलाया गया। इस दौरान कांसीराम कालौनी तथा भीड़-भाड़ वाले इलाको में घूम-घूम कर महिलाओं , बालिकाओं को जानकारियां देते हुए साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।

विदित हो कि महिलाओं तथा बालिकाओं की सुरक्षा व स्वालम्बन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सुबह महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी, रिक्रूट महिला सिपाहियों नेहा देवी, गीतांजलि द्विवेदी,निधि बाजपेई,कास्टेविल प्रेम वीर,राम प्रकाश आदि ने कांसीराम कालौनी तथा भीड़ भाड़ वाले स्थानों मे मिशन शक्ति सम्बंधित बुकलेट को बांटते हुये सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वालम्वन की जानकारियां दी। महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरुक करते हुते जानकारी दी है कि जरूरत पड़ने पर विभिन्न सरकारी नंबरों जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एम्बुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1067, के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला उप निरीक्षक ने अवगत कराया कि किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैक खाता नंबर,पिन, ओटीपी,सीवीवी नंबर इत्यादि साक्षा न करें।

# पुलिस ने नाजायज बंदूक समेत युवक को गिरफ्तार किया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरांया से एक व्यक्ति अवैध असलहे के साथ पुलिस टीम के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार उपनिरीक्षक उदय कुमार, कुलवंत कुमार शांति व्यवस्था एवं वाहन चेकिंग के लिए पिपरांया जा रहे थे। तभी रास्ते में पुलिस टीम को मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति हाथ में बंदूक लिए हुए पिपरांया पुलिया के पास खड़ा है। पुलिस टीम मुखबिर को साथ लेकर उसके बताएं स्थान पर पहुंची। पुलिस टीम ने दविश देकर घेर कर पुलिया पर खड़े व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी हरिश्चंद्र पुत्र शिवचरण निवासी ग्राम पिपरांया थाना आटा जामा तलाशी ली गई तो दाहिने हाथ में 315 बोर देसी बंदूक तथा तीन अदद जिंदा करतूत 315 बोर व दो अदद खोखा बरामद हुये। पुलिस ने नजायज देसी बंदूक व कारतूस रखने का लाइसेंस पुलिस टीम के द्वारा मांगा लेकिन प्रस्तुत नहीं कर सका।पुलिस टीम के द्वारा आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर चालान कर दिया गया।

# भट्टीपुरा में 4 दिनों से चोक लाइन को ठीक करने से पेयजल आपूर्ति शुरू

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर के मोहल्ला भट्टीपुरा में 4 दिनों से पेयजल संकट बना हुआ है। मोहल्ले की आधी लाइन में पानी की आपूर्ति हो रही है, जबकि दूसरी आधी लाइन में 4 दिनों से पानी नहीं पहुंच रहा था। जलसंस्थान के अवर अभियंता बासित अली ने रविवार को मौके पर पहुंच कर जायजा लिया तथा चोक पाइप लाइन को ठीक करके जलापूर्ति सुचारू रूप से शुरू करा दी गई। फलस्वरूप नागरिकों को राहत महसूस हुई है। मालूम हो कि मुहल्ला भट्टीपुरा में 4 दिनों से लगातार पानी न मिलने से नागरिकों को पीने, खाना बनाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासन से जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल करने की मांग उठाई थी। रविवार को अवर अभियंता बासित अली कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। कई जगह पाइपलाइन की खोजबीन की गई तथा जहां पर लाइन जाम थी। उसे कर्मचारियों के द्वारा ठीक कराया गया। अवर अभियंता ने बताया कि निकट के रामलीला मैदान में स्थापित नलकूप नंबर 9 में एक अतिरिक्त पाइप डलवाया गया है। क्योंकि जल स्तर गिर जाने से आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। उन्होंने कहा कि अब सुचारू तरीके से शुरू हो गई है।

# 5 सरकारी अस्पतालों में आयोजित मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों में 147 मरीजों का हुआ इलाज

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी -उरई।** शासन की महात्वाकांक्षी योजना के तहत रविवार को कालपी, बावई, नियामतपुर, चुरखी तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 147 मरीजों का इलाज किया गया। डाक्टरों के द्वारा नागरिकों को स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 57 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 33 पुरुष व 24 महिला मरीज शामिल रहे। इस दौरान शुगर के 6 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 7-7 मरीजों की जांच की गयी। होम्योपैथी महिला चिकित्सक डॉ रंजना सिंह ने स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा में हर बीमारी का इलाज होता है।इसका कोई साइट इफेक्ट्स नहीं है। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 22 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय बावई में 28 चुरखी चिकित्सालय में 19 रोगियों का तथा नियामतपुर चिकित्सालय में 18 मरीजों का इलाज हुआ। मेलो में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया।

# 33 बूथों में 5 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई

## एसडीएम अमित शेखर तथा चिकित्सकों ने अभियान का शुभारम्भ किया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता की मौजूदगी में एसडीएम अमित शेखर के द्वारा बच्चों को दवा पिलाकर पल्स पोलियों प्रतिरक्षण अभियान का शुभारम्भ किया गया। पहले दिन स्थानीय नगर के अलग-अलग 33 बूथों में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत 5 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर जागरूक किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता ने बताया कि 0 से 5 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाने का अभियान 28 जून से शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि पहले दिन रविवार को कालपी नगर के अलग-अलग विद्यालयों तथा सार्वजनिक स्थानों में 33 जगह पर पोलियो बूथ स्थापित करके बच्चों को दवा पिलाई गई। ?जबकि स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीमों के द्वारा सोमवार से घर-घर में पोलियो की दवा पिलाने के लिए 5 दिनों तक अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए 18 टीमों का गठन किया गया है, टीम में आशा बहू, एएनएम एवं स्वास्थ्य कार्यकत्री शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि 0 से 5 वर्ष की आयु के शत प्रतिशत बच्चों को 12 हजार बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपजिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के मुताबिक 0 से 5 वर्ष की आयु का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए पुख्ता इंतजाम किया गया है। इसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चिकित्सा अधिकारियों डॉक्टर विशाल सचान, डॉक्टर शेख शहरयार ,डॉक्टर अशोक कुमार चक, रामसजीवन गुप्ता ने घूम घूम कर पोलियो बूथों का निरीक्षण किया। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा में डा अमित पोरवाल की मौजूदगी में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर जागरूक किया गया।

# हमारी बहू को ले गया...' 2 साल की बच्ची को छोड़ प्रेमी संग भागी विवाहिता, गुस्से में ससुराल वालों ने गांव में फूंक डाला घर

(यंग भारत न्यूज)

**बरखेड़ा (पीलीभीत)।** गांव में ब्राह्मण समाज की एक विवाहित को उसी गांव का आरोपित अनुसूचित जाति का युवक गुरुवार को अपने साथ ले गया। इस घटना के तीसरे दिन विवाहिता के पति व स्वजन ने आरोपित के घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। पीड़ित के स्वजन को कमरे में बंद करके पीटने का आरोप लगाया।

दोनों पक्षों ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने महिला को ले जाने के मामले में गुमशुदगी लिखी। वहीं, दूसरे पक्ष की प्राथमिकी पंजीकृत करने के साथ दो आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्ध महिला ने बताया कि उनकी पौत्र वधु को गुरुवार रात 12 बजे गांव का नन्हेलाल भगाकर ले गया। पौत्रवधु दो वर्षीय बच्ची को छोड़कर आरोपित के साथ चली गई। इसकी शिकायत बेटे ने पुलिस से शुक्रवार को की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, जबकि शनिवार को गुमशुदगी लिख दी। इससे सभी में आक्रोश पनप गया। वहीं, दूसरे पक्ष की भगवान देवी ने बताया कि शनिवार सुबह छह बजे गांव के ही दो लोग उसके घर पर आए। आरोपित धमकाते हुए तमंचा लहराकर गालियां देने लगे। डर के कारण हम लोग पड़ोस के घर में छिप गए, तभी आरोपितों ने हमारे घर में आग लगा दी। वहीं, राजू लाल कोरी ने बताया कि शनिवार सुबह आरोपित पक्ष के लोग तमंचा और बंका से लैस होकर आए और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए दबंगई करने लगे। हम सब डर से घरों में दुबक गए। आरोपितों ने पड़ोसी नन्हेलाल के घर में आग लगा दी। हम लोगों के घर के बाहर खाना बनाने वाले चूल्हे भी तोड़ दिये। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। नन्हेलाल के परिवार के पवन कुमार और सोनू ने बताया कि शुक्रवार को हम लोग आम के बाग में बैठे थे, तभी आरोपित पक्ष के लोग आए और



गालियां देने लगे। अपने घर में ले जाकर कमरे में बंद कर डंडों से पीटा। फिर बाइक पर बैठाकर बरखेड़ा थाने के बाहर कागज पर कुछ लिखकर हमारे जबरन दस्तखत कराए और अंगूठा लगवाकर थाने में ले गए, जहां थोड़ी देर बैठाने के बाद वापस भेज दिया। पुलिस ने हमारी नहीं सुनी।वहीं, दबंगों की मार से घायल पवन की हालत खराब हो गई, जिससे वह बेसुध हो गया। उसको सीएचसी बरखेड़ा लाया गया। आगजनी और मारपीट की घटना के बाद से परेशान पीड़ितों ने कार्रवाई न होने पर गांव से पलायन करने की धमकी दी है। विवाहिता के लापता होने के मामले में गुमशुदगी लिखी गई। महिला की तलाश करने के लिए टीमों को लगाया गया। वहीं, मारपीट करने और आग लगाने वाले आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत करने के साथ ही उनको गिरफ्तार किया। आरोपितों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 6 माह की गर्भवती को 10 घंटे रोज घर में कैद रखा

## -फिर ऐसे तड़पाकर दी खौफनाक मौत, 1 साल पहले हुई थी शादी




(यंग भारत न्यूज)

एक नई शुरुआत की उम्मीद में बसी एक छोटी सी जिंदगी, मात्र 23 साल की उम्र में ही खत्म हो गई। छह महीने का गर्भ लिए नेहा कुमारी को उसके पति अमित गुप्ता ने कथित तौर पर घर में कैद रखा, प्रताड़ित किया और आखिरकार पानी की बाल्टी में सिर डुबोकर क्रूर हत्या कर दी। शादी को अभी एक साल हुआ था। आरोपी घटना के बाद चाचा को फोन कर बोला, 'मैंने मर्डर कर दिया' और फरार हो गया। आइए विस्तार से जानते हैं कि कैसे उतारा पत्नी को मौत के घाट... घटना फरीदाबाद के पंचशील कॉलोनी पार्ट-2 की है। पुलिस जांच के मुताबिक, अमित गुप्ता (26) दिल्ली के लाजपत नगर में ग्राफिक डिजाइनर का काम करता था। रोज सुबह 8:30-9 बजे घर से निकलता और शाम 7 बजे लौटता। इस दौरान वह मुख्य दरवाजा बाहर से बंद कर देता, जिससे नेहा करीब 10 घंटे तक घर के अंदर कैद रहती। पिछले कुछ दिनों से अमित काम पर नहीं जा रहा था। 25 जून सुबह नेहा ने उसे नौकरी पर जाने और जिम्मेदारियां निभाने की सलाह दी, तो दोनों में विवाद हो गया। इसी दौरान अमित ने कथित तौर पर नेहा का सिर पानी भरी बाल्टी में डुबो दिया। घटना के बाद वह फरार हो गया। उसने अपने चाचा को फोन कर कहा, 'मैंने मर्डर कर दिया।' जब परिजन पहुंचे तो नेहा मृत अवस्था में मिली। पुलिस ने मौके पर फॉरेंसिक टीम और क्राइम ब्रांच बुलाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। आरोपी अभी फरार है और उसकी तलाश में छापेमारी जारी है। नेहा कुमारी मूल रूप से बिहार के मुजफ्फरपुर की रहने वाली थीं। अमित गुप्ता उत्तर प्रदेश के हरदोई का निवासी है। दोनों की शादी 30 अप्रैल 2025 को हुई थी। शुरू में दोनों दिल्ली के बदरपुर बॉर्डर के पास किराए के मकान में रहते थे। करीब दो महीने पहले उन्होंने फरीदाबाद की पंचशील कॉलोनी में लगभग 15 लाख रुपये का मकान खरीदा और एक महीने पहले गृह प्रवेश किया। नेहा के पिता ने जमीन खरीदी थी, लेकिन दबाव में उसे अमित के नाम पर पंजीकृत करवा दिया। घर बनाने में भी आर्थिक मदद दी। परिवार अब इसी बात पर पछता रहा है। पुलिस के अनुसार, अमित को अपनी पत्नी पर विवाहेतर संबंध का शक था। इसी शक ने उसे हिंसक बना दिया। पड़ोसियों ने बताया कि छह महीने की गर्भवती नेहा अक्सर घर में बंद रहती थी। अमित उसे अकेले बाजार जाने या किसी से मिलने की इजाजत नहीं देता था। पिछले सप्ताह तक तो वह काम पर जाता था, लेकिन हाल ही में उसने काम छोड़ दिया और घर से बाहर जाते समय दरवाजा बाहर से बंद करने लगा। नेहा ने अपने परिवार को यह बात बताई थी, लेकिन विरोध नहीं किया। परिवार और पड़ोसी दोनों इस नियंत्रणकारी व्यवहार से वाकिफ थे, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। यह मामला घरेलू हिंसा की गंभीर समस्या को उजागर करता है।

# बहुत पतला है. दुल्हन ने ऐन मौके पर शादी से किया इनकार; दूल्हे की घनघोर बेइज्जती के बाद लौटी बारात

(यंग भारत न्यूज)



उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में एक शादी तब चर्चा का विषय बन गई जब वरमाला की रस्म के दौरान झगड़ा इतना बढ़ गया कि उसे कैंसिल करना पड़ा. यह घटना अछल्दा थाना क्षेत्र के दिवरिया गांव में हुई, जहां इटावा से आई बारात बिना दुल्हन के ही लौट गई.

बारात के लौटने का कारण वरमाला स्टेज पर हुई मारपीट थी, जिसके बाद दुल्हन ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया. ऐसे में चलिए विस्तार से जानें पूरा मामला क्या है. बताया जा रहा है कि दुल्हन के भाई और दूल्हे के बीच किसी बात पर बहस हो गई. छोटी सी बहस जल्द ही तीखी बहस में बदल गई, जिससे दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हो गई. स्टेज पर हुई अफरा-तफरी ने शादी की रस्म में खलल डाल दिया. परिवार और मेहमानों ने मामला शांत करने की कोशिश की. लेकिन, मामला तब और बिगड़ गया जब मारपीट के तुरंत बाद दुल्हन ने सबके सामने उससे शादी करने से इनकार कर दिया. उसने कहा कि दूल्हा बहुत पतला है और वह उससे शादी नहीं करना चाहती. जिसे सुन दोनों परिवार हैरान रह गए. बार-बार मनाने की कोशिशों के बाद भी दुल्हन नहीं मानी. दूल्हे पक्ष ने उसे मनाने की कोशिश की, लेकिन दुल्हन अपनी बात पर अड़ी रही. झगड़ा बढ़ता देख किसी ने क्डायल 112 को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया. गांव के बुजुर्गों की मौजूदगी में पंचायत हुई. आखिरकार, रात करीब 2 बजे बारात बिना शादी की रस्में पूरी किए इटावा लौट गई. कुछ ही घंटों में शादी की तैयारियों से सजा घर मातम में बदल गया. यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई है. पुलिस के मुताबिक, किसी भी पक्ष ने लिखित शिकायत नहीं की है.

# सीने पर डिंपल यादव की फोटो और मन में मिलने की इच्छा. अखिलेश यादव से युवक ने की ऐसी अपील सुन रह जाएंगे दंग

(यंग भारत न्यूज)

समाजवादी पार्टी के सपोर्टर अपने नेता अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव को लेकर बहुत ज़्यादा दीवाने हैं, और इसके उदाहरण रोज देखने को मिलते हैं. कट्टरता का ऐसा ही एक उदाहरण आजमगढ़ ज़िले में देखने को मिला. सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री आजमगढ़ ज़िले के दौरे पर थे. गाड़ी में बैठते समय कुछ सपोर्टर्स ने उन्हें घेर लिया. उनमें कुछ बिना शर्ट के टैटू वाले आदमी भी थे. जैसे ही अखिलेश यादव उनसे मिले और गाड़ी में बैठने वाले थे, उनमें से एक आदमी ने कहा, भाईया, आपने मुझे डिंपल भाभी से मिलवाने का वादा किया था.




सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आजमगढ़ जिले के दौरे पर थे. जैसे ही वो अपनी कार में बैठे, उन्हें समर्थकों ने घेर लिया, जिनमें से कुछ बिना शर्ट के टैटू वाले आदमी थे. जैसे ही अखिलेश यादव उनसे मिले और कार में बैठने वाले थे, एक आदमी जिसने अपनी छाती पर डिंपल यादव का टैटू बनवाया था ने कहा कि भाईया, आपने मुझे डिंपल भाभी से मिलवाने का वादा किया था. जिसे सुन अखिलेश हंसने लगे. मुस्लिम समुदाय से जुड़े मुद्दों पर चुप रहने के कांग्रेस एमपी इमरान मसूद के बयान पर अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें पता है कि कब और किन मुद्दों पर बोलना है. अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बीजेपी को हराना डेमोक्रेसी के लिए जरूरी है, और अगर वह दोबारा सत्ता में आई तो डेमोक्रेटिक सिस्टम को खतरा होगा. इस बीच, आजमगढ़ में दिशा मीटिंग से डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के गैरहाजिर रहने पर अखिलेश यादव ने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो सभी अधिकारी जवाबदेही के साथ काम करेंगे. राम मंदिर डोनेशन चोरी पर कमेंट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी ने लंबे समय तक राज्य में राज किया है, इसलिए अब उसे अपने कामों का जवाब देना चाहिए. अयोध्या सनातन धर्म की आस्था का केंद्र है और ऐसी घटनाएं बहुत निंदनीय हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को इस मामले में एक जांच कमेटी बनानी चाहिए, उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए पैसा पहले आता है और धर्म बाद में.

# अब भाजपा ईस्ट इंडिया बीजेपी हो गई... नौकरी से निकाले जाने के बाद जमकर बरसे सिपाही सुनील शुक्ला, बर्खास्तगी के बाद बनाया वीडियो

(यंग भारत न्यूज)

उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से बर्खास्त किए जाने के बाद आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला का एक नया वीडियो सामने आया है. वीडियो में उन्होंने अपनी बर्खास्तगी पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार और बीजेपी पर तीखी टिप्पणी की है.वहीं, इससे पहले लखनऊ पुलिस ने विभागीय जांच में सोशल मीडिया और मीडिया मंचों के दुरुपयोग, अनुशासनहीनता तथा नियमों के लगातार उल्लंघन के आरोप सिद्ध होने के बाद उन्हें पुलिस सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई की थी.




वीडियो की शुरुआत में सुनील शुक्ला कहते हैं 'लिखा प्रदेश किस्मत में तो वतन को याद क्या करना, जहां बेदर्द हो हाकिम, वहां पर याद क्या करना. जय हिंद... वंदे मातरम्.' इसके बाद उन्होंने कहा 'मैं सिपाही सुनील शुक्ला, आज दिनांक 28 तारीख को मुझे उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है. मुझे इस बर्खास्तगी से तनिक भी नाराजगी उन काले अंग्रेजों से नहीं है, जिन्होंने मुझे बर्खास्त किया है. क्योंकि उनका चरित्र ही यही है कि आए दिन बिना किसी गलती के लोगों को सस्पेंड करते रहते हैं और बर्खास्त करते रहते हैं. वे लगातार दमनकारी चक्र चलाते रहते हैं.उन्होंने आगे कहा 'मुझे आपसे किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है. यदि मुझे किसी से शिकायत है, तो उनसे है, जिनके लिए हमारे पूर्वजों ने, मेरे पिताजी ने, मेरी माताजी ने और हम सभी ने हमेशा बीजेपी को वोट देकर जिताया. आपने हमारे साथ जो यह कृत्य किया है, उसे हम हमेशा याद रखेंगे. हमारा परिवार, हमारा समाज और हमारे देश के लोग भी इसे हमेशा याद रखेंगे. अब बीजेपी वह बीजेपी नहीं रही. अब बीजेपी, ईस्ट इंडिया बीजेपी हो गई है.वीडियो में सुनील शुक्ला ने कहा 'मैं पहले भी कह चुका था कि मेरा निलंबन होगा, फिर बर्खास्तगी होगी. आगे आने वाले समय में मेरे खिलाफ मुकदमे भी दर्ज किए जाएंगे और मेरी हत्या कराने का भी प्रयास किया जाएगा.' उन्होंने यह भी कहा 'मैं पूरे समाज से कहना चाहता हूं कि मैं कभी भी ऐसा कोई कृत्य नहीं करूंगा, जिससे हमारे समाज या हमारे परिवार के लोगों को दुख पहुंचे. लेकिन मेरे खिलाफ आगे जो भी मुकदमे दर्ज किए जाएंगे, वे केवल एक साजिश का हिस्सा होंगे.इससे पहले पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया था कि विभागीय जांच में सोशल मीडिया और मीडिया मंचों के दुरुपयोग, विभागीय अनुशासनहीनता तथा नियमों के लगातार उल्लंघन के आरोप सिद्ध पाए गए. जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला को उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया. पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई विभागीय जांच में सामने आए निष्कर्षों के आधार पर की गई है.

# घर से ट्रेन में रोटी सब्जी ले गया कपल, रेलवे ने ठोक दिया जुर्माना, वजह जान रह जाएंगे दंग

(यंग भारत न्यूज)

भारतीय रेलवे यात्रियों को घर का बना खाना साथ ले जाने से नहीं रोकता. लाखों लोग सफर के दौरान रोटी, सब्जी, पराठे या अन्य घरेलू भोजन लेकर यात्रा करते हैं. परेशानी तब शुरू होती है, जब खाने के बाद बचे हुए खाद्य पदार्थ, प्लास्टिक, कागज या अन्य कचरे को सीट के पास, कोच में या स्टेशन परिसर में फेंक दिया जाता है.



रेलवे का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाना नियमों का उल्लंघन है और इसके लिए जुर्माना लगाया जा सकता है. इसलिए घर का खाना खाना पूरी तरह ठीक है, लेकिन सफाई बनाए रखना हर यात्री की जिम्मेदारी है. रेलवे ने साफ-सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाया, जिसके दौरान पूर्वी रेलवे के विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की गई. सिर्फ एक दिन में 1,447 मामलों में जुर्माना लगाया गया और कुल 2,89,400 रुपये वसूले गए. रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का मकसद केवल जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि यात्रियों में जागरूकता बढ़ाना भी है. रेलवे का कहना है कि स्टेशन और ट्रेन दोनों सार्वजनिक संपत्ति हैं, इसलिए इन्हें साफ रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है. अभियान के दौरान अलग-अलग डिवीजनों में बड़ी संख्या में नियम तोड़ने वाले पकड़े गए. हावड़ा डिवीजन में 457 मामलों में 91,400 रुपये का जुर्माना लगाया गया. आसनसोल डिवीजन में 217 मामलों से 43,400 रुपये वसूले गए. मालदा डिवीजन में 158 मामलों में 31,600 रुपये का जुर्माना लगाया गया. वहीं, सबसे ज्यादा कार्रवाई सियालदह डिवीजन में हुई, जहां 615 मामलों में 1,23,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया. रेलवे का कहना है कि आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे. अभियान के दौरान एक परिवार ट्रेन में घर से लाई गई रोटी और सब्जी खा रहा था. खाना खत्म करने के बाद उन्होंने बचा हुआ भोजन और कचरा अपनी सीट के पास ही छोड़ दिया. कुछ ही देर बाद रेलवे के कर्मचारी वहां पहुंचे और गंदगी फैलाने के कारण परिवार पर जुर्माना लगा दिया. यह मामला इस बात का उदाहरण है कि जुर्माना घर का खाना लाने पर नहीं, बल्कि सफाई के नियमों का उल्लंघन करने पर लगाया गया. इसलिए यात्रियों को भोजन के बाद कचरे को डस्टबिन में डालना या उचित तरीके से उसका निपटान करना चाहिए. अगर आप भी ट्रेन में घर का खाना लेकर सफर करते हैं, तो घबराने की जरूरत नहीं है. बस इतना ध्यान रखें कि खाने के बाद बचा हुआ कचरा सीट, प्लेटफॉर्म या रेलवे परिसर में इधर-उधर न फेंकें. रेलवे की ओर से उपलब्ध डस्टबिन का इस्तेमाल करें या कचरे को अपने पास सुरक्षित रखें और उचित स्थान पर ही फेंकें. इससे न केवल जुर्माने से बचा जा सकेगा, बल्कि ट्रेन और स्टेशन भी साफ रहेंगे. रेलवे का कहना है कि स्वच्छ यात्रा सभी यात्रियों की साझा जिम्मेदारी है और नियमों का पालन करके हर व्यक्ति इसमें अपना योगदान दे सकता है.

# भूलकर भी इन 5 मंदिरों का प्रसाद घर न लाएं, लग सकता है भारी दोष

(यंग भारत न्यूज)

भारत में मंदिर सिर्फ पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं, बल्कि आस्था, परंपरा और सदियों पुरानी मान्यताओं के केंद्र भी हैं। आमतौर पर लोग किसी भी मंदिर के दर्शन के बाद प्रसाद घर लेकर आते हैं, ताकि परिवार और प्रियजनों को भी भगवान का आशीर्वाद मिल सके।

लेकिन देश में कुछ ऐसे मंदिर भी हैं, जहां का प्रसाद घर ले जाना शुभ नहीं माना जाता। इन मान्यताओं के पीछे धार्मिक परंपराएं, स्थानीय विश्वास और आध्यात्मिक कारण जुड़े हुए हैं। हालांकि, इन बातों का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है, लेकिन श्रद्धालु सदियों से इन परंपराओं का पालन करते आ रहे हैं। आइए जानते हैं उन 5 मंदिरों के बारे में, जिनका प्रसाद घर न लाने की मान्यता है। राजस्थान के दौसा जिले में स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर देश के सबसे रहस्यमय और प्रसिद्ध मंदिरों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि यहां आने वाले लोगों को नकारात्मक ऊर्जाओं और बाधाओं से मुक्ति मिलती है। यहां एक खास नियम का पालन किया जाता है। मंदिर का प्रसाद या कोई भी खाद्य पदार्थ घर नहीं ले जाया जाता। स्थानीय मान्यता के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति यहां का प्रसाद घर लेकर जाता है, तो नकारात्मक ऊर्जा उसके साथ घर तक जा सकती है। इसलिए भक्तों को प्रसाद मंदिर परिसर में ही ग्रहण करने या वहीं छोड़ने की सलाह दी जाती है।

कामाख्या देवी मंदिर (असम)

असम की नीलाचल पहाड़ी पर स्थित कामाख्या मंदिर भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है और तांत्रिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। विशेष रूप से Ambubachi Mela के दौरान यहां मिलने वाले कुछ प्रसाद अत्यंत पवित्र माने जाते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, इन प्रसादों में विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा होती है, इसलिए कुछ प्रसादों को घर ले जाने से बचने की सलाह दी जाती है।

कोटिलिंगेश्वर मंदिर (कर्नाटक)

कर्नाटक का कोटिलिंगेश्वर मंदिर



लाखों शिवलिंगों के लिए प्रसिद्ध है। यहां एक मान्यता है कि भगवान शिव को चढ़ाया गया प्रसाद उनके परम भक्त चंडेश्वर को समर्पित माना जाता है। इसी वजह से कई श्रद्धालु इस मंदिर का प्रसाद घर नहीं ले जाते। स्थानीय विश्वास है कि ऐसा करने से दुर्भाग्य और परेशानियां आ सकती हैं।

काल भैरव मंदिर (उज्जैन) (Kal Bhairav Temple)

उज्जैन स्थित काल भैरव मंदिर भगवान शिव के उग्र स्वरूप काल भैरव को समर्पित है। यह मंदिर अपनी अनोखी परंपरा के लिए जाना जाता है, जहां भक्त भगवान को मदिरा अर्पित करते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, यहां चढ़ाई जाने वाली मदिरा और अन्य अनुष्ठानिक प्रसाद केवल देवता के लिए होते हैं और इन्हें घर नहीं ले जाया जाता।

नैना देवी मंदिर (हिमाचल प्रदेश) (Naina Devi Temple)

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में स्थित नैना देवी मंदिर भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है। यहां भी एक पारंपरिक मान्यता है कि देवी को अर्पित की गई कुछ वस्तुएं और प्रसाद मंदिर परिसर में ही रहने चाहिए। हालांकि यह परंपरा हर श्रद्धालु द्वारा अलग-अलग तरीके से निभाई जाती है, लेकिन कई लोग आज भी इस मान्यता का पालन करते हैं और प्रसाद घर नहीं ले जाते।

# एक भी बच्चा छूटा ,संकल्प हमारा टूटा : जिलाधिकारी

- स्कूल चलो अभियान से पूर्व जिलाधिकारी ने रानी लक्ष्मीबाई कंपोजिट जूनियर हाईस्कूल नगर क्षेत्र का भ्रमण
- स्कूल में आयोजित अभिभावक- शिक्षक संवाद में किया प्रतिभाग, बच्चों को समग्र प्रगति पत्र किये वितरित

जिलाधिकारी ने नव

- प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर परिचय प्राप्त करते हुये किया उत्साहवर्धन
- मौके पर निपुण छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी वितरित की एवं अभिभावकों से शैक्षिक प्रगति पर चर्चा की
- जिलाधिकारी ने समुदाय को जागरूक करने हेतु विद्यालय के 0से 05 वर्ष के छात्र- छात्राओं को पोलियो की दवा पिलाई
- बच्चों को स्कूल आने के लिए ग्राम में टोली बनाकर अभिभावकों प्रेरित करने के भी दिए निर्देश



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद में ग्रीष्म अवकाश के बाद 01जुलाई 2026 से पुन: विद्यालयों में पठन पाठन का कार्य प्रारंभ हो रहा है, शासन के निर्देशानुसार के 01 जुलाई 2026 से 'आओ स्कूल चलें अभियान' का विधिवत् शुभारंभ किया जाएगा।

आज जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने रानी लक्ष्मीबाई कम्पोजिट जूनियर हाईस्कूल नगर क्षेत्र झाँसी का भ्रमण किया तथा अभियान की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने आज नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं को टीका और माला पहनाते हुए उनका परिचय प्राप्त कर उनका स्वागत किया और उत्साहवर्धन करते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उन्होंने छात्र छात्राओं को समग्र प्रगतिपत्र वितरित किए निपुण। छात्र छात्राओं को स्टेशनरी वितरित की एवं अभिभावकों से शैक्षिक प्रगति पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में गांव के हर बच्चे को चिन्हित कर शत प्रतिशत नामांकन कराए जाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सुझाव दिया कि प्रात: विद्यालय खुलने के पश्चात ही संपूर्ण विद्यालय स्टाफ प्राथमिकता से यह कार्य करें, शिक्षकों की टोली घर– घर जाकर अभिभावकों से संपर्क करें। जुलाई माह में नए सत्र की आकर्षक योजनाओं की जानकारी माता पिता को दी जाए। गांव में साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु हर बच्चे के नामांकन के महत्व को भी समझाया जाए। उन्होंने कहा कि हर बच्चा नामांकित हो तथा प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित अवश्य हो ताकि उसके शैक्षिक स्तर में बढ़ोतरी हो सके। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को इनोवेटिव आइडिया देते हुए कहा कि शिक्षक कक्षा 01और 06 में नए छात्रों के लिए नई गतिविधियां तथा नए–नए नवाचारों से आच्छादित शिक्षण पद्धति अपनाएं, उन्होंने कहा कि बच्चों को पुस्तकालय के साथ ही एस्ट्रोनॉमी लैब की भी जानकारी दें और उन्हें नए–नए अनुभव को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करें। परिषदीय विद्यालयों में पहले ही डीबीटी योजना के माध्यम से बच्चो के लिए निशुल्क ड्रेस, जूते मोजे और बैग हेतु इस सत्र में भी प्रेषित करने की घोषणा सरकार द्वारा की जा चुकी है। पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही है। कायाकल्प और मिशन प्रेरणा के बाद परिषदीय विद्यालय नए कलेवर में किसी भी प्राइवेट स्कूल से कम नही हैं। हर कक्ष प्रिंट रिच, रीडिंग कॉर्नर, एनबीटी की पुस्तकों और विभागीय सामग्री से तैयार है। जनपद में निपुण भारत के अंतर्गत सभी निर्देशों के अनुसार प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षक तैयार हैं। आज रानी लक्ष्मीबाई कम्पोजिट जूनियर हाईस्कूल नगर क्षेत्र झांसी में आयोजित उत्सव कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि जनपद में कोई भी 06 से 14 आयु वर्ग का कोई भी बच्चा प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रहे, प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने हेतु बच्चों का विद्यालय में नामांकन अवश्य कराएं ।उन्होंने इस अवसर पर 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई और लोगों से भी अपने परिवार के बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का आह्वान किया। उन्होंने भ्रमण के दौरान विद्यालय की व्यवस्थाओं संसाधनों के बारे में चर्चा की विद्यालय परिवार से प्रतिदिन नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं का इसी तरह सम्मान करने के निर्देश दिए इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 शिशिर पुरी, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीजीत जितेन्द्र कुमार गौड़ सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र झांसी, श्री सुनील द्विवेदी जिला स्काउट मास्टर, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# सीए छात्रों ने खेल प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन, सीआईसीएएसए झांसी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट सफलतापूर्वक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की झांसी शाखा के छात्र संगठन सीआईसीएएसए द्वारा रविवार को मीरा स्पोर्ट्स हब में सीआईसीएएसए झांसी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में सीए विद्यार्थियों ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं तैराकी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।

कार्यक्रम में झांसी शाखा के अध्यक्ष सीए जयंत मणि जैन, सचिव सीए गौरव अग्रवाल, सीआईसीएएसए चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल तथा सीए गौरव गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। बैडमिंटन महिला एकल वर्ग में पलोमी जैन विजेता एवं श्रुति गुरनैनी उपविजेता रहीं। पुरुष एकल वर्ग में सुरेश निगम ने प्रथम तथा आर्यन गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष युगल वर्ग में मयंक एवं ओशु की जोड़ी विजेता रही, जबकि ध्रुव मित्तल एवं पलोमी जैन उपविजेता बने। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में वेद सारोगी ने प्रथम, प्रतीक सैनी ने द्वितीय तथा उत्कर्ष बाजपेयी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तैराकी प्रतियोगिता के 20 मीटर बालिका वर्ग में राशी गौतम विजेता रहीं। 20 मीटर बालक एवं 40 मीटर बालक वर्ग में अभि गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोचक जायसवाल दोनों स्पर्धाओं में उपविजेता रहे, जबकि 40 मीटर वर्ग में अर्पित राय तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में मोहम्मद अरबाज खान, नितेश गोयल, हर्ष शर्मा, तनिष्का सेन, कुशाग्र साहू, मुस्कान सचान, अरिहंत राज जैन, योगेश, शिवेंद्र सिंह राठौर, वंशिका गुप्ता, यश गोदवानी, समीरा गुप्ता, अर्पित अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल, फरहीन शायर एवं शिक्षा शुक्ला सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाया। इस अवसर पर सीआईसीएएसए चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने कहा कि 'सीए विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ–साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य भी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे खेल आयोजन विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। सीआईसीएएसए झांसी भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। झांसी शाखा के अध्यक्ष सीए जयंत मणि जैन ने कहा कि 'खेल जीवन में संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। झांसी शाखा विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ–साथ उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों एवं समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

## पार्टी के लिए पत्नी ने मांगे रुपए..पति ने दी जान

**झांसी।** जनपद में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। लगभग 3 महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। पिता बताया कि बहू मायके में सहेलियों को पार्टी देने के लिए 25 हजार रुपए मांग रही थी। हमारे पास इतने पैसे नहीं थे, इसलिए बहू आ नहीं रही थी।

आरोप है कि 19 जून को बहू को लेने गया तो समधी ने भी कहा- पहले पार्टी के लिए 25 हजार रुपए दो, तब भेजेंगे। उन्होंने बिना पानी पूछे ही भगा दिया। 21 जून को बेटे ने शराब के साथ जहर खा लिया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाय, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ागांव गेट बाहर मोहल्ले का है। मृतक का नाम प्रमोद प्रजापति (22) पुत्र संतोष प्रजापति था। वह कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव बाहर मोहल्ले में रहता था। पिता संतोष प्रजापति ने बताया- मेरी दो बेटी और एक बेटा है। बेटी काजल और इकलौते बेटे प्रमोद की शादी हो चुकी है। जबकि छोटी बेटी अंजली अविवाहित है। बेटा प्रमोद प्राइवेट काम करता है। उसकी शादी 9 मार्च 2026 को रोशनी से की थी। शादी के बाद बहू मायके गई। इसके बाद सहेलियों को पार्टी देने के लिए 25 हजार रुपए की डिमांड करने लगी। इतने पैसे बेटा नहीं दे पाया। इससे वो ससुराल आने को तैयार नहीं थे। उसके घरवाले भी बेटी के साथ हो गए। पिता ने आगे बताया- 19 जून को बहू को लेने गया था। तब समधी कहने लगे कि पार्टी के लिए 25 हजार रुपए दो, तब बेटी को भेजेंगे। उन्होंने न पानी के लिए पूछा और न ही खाना के लिए। तब घर आ गया और पैसों के इंतजाम में जुट गया। बहू नहीं आई तो बेटा प्रमोद डिप्रेशन में रहने लगा। 21 जून को वह काम से लौटा तो शराब के साथ जहर खा लिया। रात लगभग 9:30 बजे मैं घर आया तो बेटा उल्टी कर रहा था। तबीयत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आया। यहां पर इलाज के दौरान बेटे की आज मौत हो गई। पिता ने बताया- बेटे की तबीयत बिगड़ने की जानकारी बहू और उसके परिवार वालों को दे दी थी। इसके बाद भी वो लोग नहीं आए।

## निशुल्क नेत्र शिविर सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**मोंठ** । क्षेत्र के ग्राम अटा में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट की शाखा सदगुरु नेत्र जांच केंद्र पूंछ के द्वारा ग्राम अटा में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया जिसमें श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट के डॉ. राहुल पांडेय डॉ .मनीष यादव तथा अखिलेश यादव के द्वारा जिसमें ग्राम के 120 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें से 25 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया तथा 40 लोगों को दृष्टि दोष पाया गया जिन्हें संस्थान के द्वारा चश्मा दिए गए तथा 20 मरीजों को चित्रकूट के लिए निशुल्क वाहन द्वारा चित्रकूट भेजा गया जिसमें खाना रहना इत्यादि सब निशुल्क हैं और निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा निशुल्क लैंस की सुविधा सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड में की जाएगी इस शिविर के सहयोग में पर्वत पाल तथा उनके पिता जगदीश पाल का बहुत सहयोग रहा है राकेश पाल , पहलवान पाल हुकुम सिंह पाल आदि मौजूद रहे

# 'दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार ': अध्यक्ष जिला पंचायत

( यंग भारत न्यूज )




- जिला महिला चिकित्सालय में अध्यक्ष जिला पंचायत, जिलाधिकारी एवं अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा किया गया पोलियो बूथ का उद्घाटन
- 1178 बूथ व 35 ट्रांजिट बूथ पर पिलाई जा रही है दो बूंद जिंदगी की
- 28 जून दिन रविवार से शुरू हुआ पल्स पोलियो अभियान
- 297845 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा-: डॉ रविशंकर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी

**झांसी।** शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में दिनांक 28 जून 2026 दिन रविवार से जनपद झांसी में पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ हुआ। जिला महिला चिकित्सालय में 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन गौतम, जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी, अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ0 आर0के0 सक्सेना एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 शिशर पुरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

पोलियो बूथ के उद्घाटन के दौरान जिला महिला चिकित्सालय में पैदा हुए नवजात शिशुओं सहित 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अध्यक्ष जिला पंचायत श्री पवन गौतम ने अभिभावकों से कहा की अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से अपने मोहल्ले और जान पहचान वालों को भी प्रेरित करने का सुझाव दिया ताकि बच्चों को इसलाईलाइज़ बीमारी से बचाया जा सके। अभियान के प्रारंभ में जिलाधिकारी श्रीगौरांग राठी ने नवजात बच्चों को पोलियो की दवा पिलाते हुए जिला महिला चिकित्सालय में आए अभिभावकों से संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की तथा सेवाओं की गुणवत्ता एवं जनसंतुष्टि के संबंध में फीडबैक भी लिया। डॉ0 आर0के0 अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण झांसी मंडल द्वारा मंडल के सभी 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से अपील की गई कि वह अपने नजदीकी पोलियो बूथ पर जाकर अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 रविशंकर ने बताया कि जनपद में 1178 पोलियो बूथ व 35 ट्रांजिट बूथ के माध्यम से जनपद के 297845 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। आज बूथ दिवस है, जिसमें 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो बूथ पर बुलाकर पोलियो की दवा पिलाई जाती है। आज जो बच्चे दवा पीने से छूट जाएंगे, उन्हें सोमवार से लेकर शुक्रवार तक घर–घर जाकर 816 टीमों के द्वारा पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर सीएमएस डॉ0 राज नारायण, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एन.के. जैन, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 रविशंकर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आशीष अग्निहोत्री एवं डॉ0 अंशुमान तिवारी, डब्ल्यूएचओ से डॉ0 जूही सूलिया, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ0 विजयश्री शुक्ला, अपर शोध अधिकारी श्री लाखन सिंह, यूएनडीपी से श्री चंद्रभूषण सिंह, श्री शिवेंद्र सिंह, जेएसआई से डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्री अनिरुद्ध सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# प्रशासन द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित, बिक्री होती पाए जाने पर होगी सख्त कार्यवाही : जिलाधिकारी



**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा की दृष्टिगत जनपद में कटे-फटे एवं सड़े फल, सब्जी एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की शक्ति से रोकथाम किए जाने के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि खुले में सड़े-गले फलों की बिक्री को प्रत्येक दशा में जनपद में रोका जाना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा विभाग से सम्बन्धित न्यायालयों में लम्बित वादों के निस्तारण में तेजी लाने निर्देश दिये गये। उन्होने विगत पर्व के अवसर पर कृत छापेमार कार्यवाहियों के सम्बन्ध में मिलावट करने वाले खाद्य कारोबारकताओं को न्यायालयों द्वारा दण्डित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ग्रीष्म ॠतु के दृष्टिगत खाद्य पदार्थो में मिलावट रोकने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को सतत रूप अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर खाद्य प्रतिष्ठानों के नियमानुसार निरीक्षण करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। विशेष रूप से ठेले-खुमचे पर तैयार खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण व ग्रीष्म ॠतु के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों के रखरखाव, खाद्य पदार्थों के निर्माण में सावधानियां रखने हेतु जागरूक करने के निर्देश गये। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां पर भी पका हुआ भोजन परोसा जा रहा है, जैसे- स्कूल, आंगनबाडी केन्द्र, अनाथालय, वृद्धा आश्रम व जननी सुरक्षा के अन्तर्गत आच्छादित सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं कैन्टिन में विशेष सतर्कता रखते हुए नियमित जांच की जाए एवं उन्हें खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक व प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने विशेष बल देते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि अर्न्तविभागीय समन्वय स्थापित करते हुए सभी विभागों के हित को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करें एवं खराब छवि वाले प्रतिष्ठानों को चिन्हित करते हुए प्रवर्तन कार्यवाही कर सुधार लाये। उन्होंने कहा जिन प्रतिष्ठानों के खाद्य नमूने असुरक्षित श्रेणी में आए हैं, उन पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में सरकारी अस्पतालों के आस-पास संचालित औषधि प्रतिष्ठानों की जांच की जाए तथा सरकारी अस्पतालों में बाहर की दवा लिखने वाले डॉक्टरों से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही निर्देशित किया गया कि नकली दवाओं के विक्रय पर रोक लगाने हेतु नियमित रूप से औषधि प्रतिष्ठानों के सघन निरीक्षण किये जाए तथा नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जाए। सहायक आयुक्त खाद्य/अभिहित अधिकारी पवन कुमार ने शासन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संग्रहित नमूनों एवं फेल पाये गये नमूनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डोम 24 के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा प्रतिष्ठानों के खोलते हुए तिलों की लगातार जांच की जा रही है। इसके अतिरिक्त फूड सेफ्टी मोबाइल लैब वैन के से लगातार खाद्य सामग्री की टेस्टिंग एवं जनजागरूकता कार्यक्रम एवं प्रचार प्रसार लगातार किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने किए जा रहे कार्यो पर संतोष व्यक्त किया। उक्त बैठक में अपर जिला अधिकारी न्याय अरुण कुमार गौड़,सहायक आयुक्त (खाद्य), उपायुक्त राज्य कर जी0एस0टी0, मण्डी निरीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक, निरीक्षक बाट व माप विभाग, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, दुग्ध विकास अधिकारी तथा खाद्य व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## आसरा सोसायटी की संस्थापक बंटी शर्मा के पिता राजेंद्र शर्मा का निधन, आज को होगी रस्म उठावनी

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** आसरा सोसायटी की संस्थापक एवं समाजसेवी विकास (बंटी) शर्मा के पिताजी स्वर्गीय राजेंद्र शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, समाज एवं शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त है। स्वर्गीय राजेंद्र शर्मा अपने सरल, सादगीपूर्ण एवं मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उनके निधन पर सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न संगठनों के लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

शोकाकुल परिवार के अनुसार दिवंगत आत्मा की रस्म उठावनी (शुद्धता) 29 जून सोमवार को आज सायं 5:00 बजे से 6:00 बजे तक सदर बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित की जाएगी। शोकाकुल परिवार में धर्मपत्नी कल्पना शर्मा, पुत्र विकास (बंटी) शर्मा एवं पूजा शर्मा, सनी शर्मा, पुत्री मीनू शर्मा एवं नवीन शर्मा, मोनिका शर्मा एवं आनंद गुप्ता, भतीजे–बहू शशांक शर्मा एवं हीना शर्मा, अमित शर्मा एवं राधा शर्मा, अंकित शर्मा एवं प्रियंका शर्मा, संदीप एवं पूनम शर्मा, रतनदीप एवं सारिका शर्मा, जितेंद्र शर्मा एवं बबीता शर्मा सहित समस्त शर्मा परिवार शामिल हैं। आसरा सोसायटी परिवार एवं समस्त शर्मा परिवार ने सभी शुभचिंतकों, इष्ट मित्रों एवं परिचितों से रस्म उठावनी में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अनुरोध किया है।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718